भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4842
01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष सर्वेक्षण

4842. श्री पल्लब लोचन दास:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार प्रथम आयुष सर्वेक्षण करने की योजना बना रही है;
(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित सर्वेक्षण के मापदंड क्या हैं; और
(ग) इस सर्वेक्षण का कुल प्रस्तावित नमूना आकार क्या है और इसमें किन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल करने की आशा है?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई), जुलाई, 2022 से जून 2023 की अवधि के दौरान एनएसएस के 79वें दौर में आयुष पर पहला सर्वेक्षण आरंभ करने की योजना बना रहा है। प्रमुख मापदंडों, जिन पर इस सर्वेक्षण के दौरान सूचना एकत्रित की जानी प्रस्तावित है, निम्नानुसार हैं:

(i) आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में परिवारों में जागरूकता;
(ii) आयुष चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग और
(iii) परिवारों द्वारा आयुष उपचार के लिए किया गया खर्च।

(ग): यह सर्वेक्षण लगभग 15,416 फर्स्ट स्टेज यूनिट (एफएसयू) में आयोजित किया जाएगा जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के गांव और शहरी क्षेत्रों के अर्बन फ्रेम सर्वे (यूएफएस) ब्लॉक शामिल हैं। इस सर्वेक्षण में सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शामिल किए जाएंगे।

*****